स्थापित : 13 अप्रेल 1987

RNI NO. : RAJHIN/2002/9625

# शहीद जगत

राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक जनचेतना जागृत करने वाली हिन्दी मासिक पत्रिका

वर्ष 15 अंक : 3 | कोटा, 15 मार्च 2017 | पृष्ठ : 4 | मूल्य 2 रूपये

## महामहिम राज्यपाल का आर्यसमाज ने मंत्रोच्चारण के साथ किया अभिनन्दन

कोटा। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा कोटा के नेतृत्व में आर्यसमाज कोटा द्वारा गुजरात के महामहिम राज्यपाल ओमप्रकाश कोहली का कोटा आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आर्यसमाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चढ्ढा की अगुवाई में आर्यसमाज के ओमप्रकाश तापड़िया प्रधान तिलक नगर, रामशरण आर्य प्रधान तलवण्डी, प्रेमनाथ कौशल प्रधान भीमगंजमण्डी, रामनारायण कुशवाह प्रधान खेड़ारसूलपुर, डॉ. वेदप्रकाश रेनवाल, डॉ. सुदेश आहुजा ने सर्किट हाउस कोटा पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के साथ शिष्टाचार भेंट की।



इस अवसर पर आर्यसमाज के प्रतिनिधि मण्डल ने महामहिम को केसरिया पगड़ी, रेशमी पटका, गायत्री मंत्र से सुसज्जित शॉल औढ़ाकर तथा मोतियों की माला पहनाकर अभिनंदन किया तथा महर्शि दयानंद सरस्वती का कटआउट स्मृति चिन्ह भेंट किया। आर्यसमाज के सदस्यों ने स्वस्तिवाचन के मंत्र उच्चारित किये।

अभिनंदन के उपरान्त जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्ढा ने महामहिम राज्यपाल को कोटा में आर्यसमाज द्वारा किये जा रहे समाजसेवा, सामाजिक जागरूकता एवं वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में आर्यसमाज कोटा द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। आर्यसमाज के कार्यों को सभी के लिए प्रेरणादायक बताया तथा और अधिक गति से कार्य करने का संदेश दिया।

आर्यसमाज के प्रधान अर्जुनदेव चढ्ढा ने गुजरात के राज्यपाल महोदय से आर्यसमाज के महर्षि दयानन्द सरस्वती ट्रस्ट टंकारा के कार्य पर चर्चा करते हुए मंत्री श्रीरामनाथ सहगल का भी जिक्र किया। इस पर राज्यपाल महोदय ने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा उनके 94 वर्ष की अवस्था में भी नियमित आर्यसमाज मंदिर मार्ग जाने एवं कर्त्तव्यनिष्ठता की प्रशंसा की। अपने स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत होकर उन्होंने आर्यजनों को आर्शीवाद देकर आभार व्यक्त किया।

## आर्य समाज ने दिया न्यास अध्यक्ष को स्वामी दयानन्द सरस्वती के नाम किसी सड़क के नामकरण हेतु ज्ञापन

### न्यास अध्यक्ष ने शीघ्र निर्णय लेने का दिया आश्वासन

कोटा। महान विचारक एवं समाज सूधारक ''स्वामी दयानन्द सरस्वती'' के नाम षहर की किसी सड़क एवं प्रमूख मार्ग का नामकरण की माग को लेकर जिला आर्य प्रतिनिधी सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व में न्यास परिसर में न्यास अध्यक्ष श्री राम कुमार मेहता को ज्ञापन सौपा।



अध्यक्ष अर्जुन देव चढ्डा ने बताया आर्य समाज कोटा द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित अपनी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्कृति के पोषण एवं संरक्षण के साथ-साथ समाज सेवा एवं समाज सुधार के अनेक कार्यों का संचालन किया जा रहा है एवं आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाज सूधारक स्वामी दयानन्द सरस्वती के नाम शहर कि किसी सड़क या प्रमुख मार्ग के नाम की मांग करता है। इस अवसर पर न्यास अध्यक्ष राम कुमार मेहता ने प्रतिनिधी मण्डल को पूर्ण आश्वासन दिया कि इस सन्दर्भ में सहानुभूती पूर्वक शीघ्र-अतिषीघ्र उचित कार्यवाही कर निर्णय लिया जायेगा।

आर्य समाज रायपुरा के प्रधान कैलाश बाहेती, तिलक नगर के प्रधान ओम प्रकाश तापडिया, तलवण्डी के प्रधान आर.सी. आर्य, विज्ञान नगर के पूर्व प्रधान जे.एस. दुबे, भीमगजमण्डी के प्रधान प्रेम नाथ कौशल, गायत्री विहार के प्रधान अरविन्द पाण्डेय, तलवण्डी के पूर्व मंत्री लाल चन्द आर्य, वेदमित्र वैदिक, राजीव आर्य का प्रतिनिधी मण्डल आज नगर विकास न्यास के अध्यक्ष राम कुमार मेहता से न्यास कार्यालय में मिला। इस से पूर्व न्यास कार्यालय पहुंच कर आर्य समाज प्रतिनिधी मण्डल ने न्यास अध्यक्ष राम कुमार मेहता का स्वति वाचन मंत्रोचारण कर पुष्पहार पहना कर अभिनन्दन किया।

### *आर्यजनों के दल का कोटा में भव्य स्वागत*

## स्वामी दयानन्द की जय उद्घोष से गुंजायमान हुआ वातावरण

**कोटा।** वैदिक जनजातीय महासम्मेलन बामनिया रतलाम मध्यप्रदेश जा रहे आर्यजनों के दल का आर्यसमाज कोटा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्यसमाज जिला सभा कोटा के प्रधान अर्जुनदेव चढ्ढा ने बताया कि बामनिया रतलाम मध्यप्रदेश में 17 फरवरी को आयोजित वैदिक जनजातीय महासम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली से ''आर्यों का एक दल जोगिन्दर सिंह खट्टर के नेतृत्व में कोटा स्टेशन से गुजरा।

इस अवसर पर आर्यसमाज कोटा के प्रतिनिधि मण्डल ने कोटा जंक्शन पर दिल्ली के महिला पुरूष पुष्पमाला एवं गायत्री मंत्र से सुसज्जित पटके पहनाकर भव्य स्वागत किया। कोटा के आर्यजन हाथ में ओइम के झण्डे लिए हुए वैदिक धर्म की जय, आर्यसमाज अमर रहेगा, वेद की ज्योति जलती रहेगी एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती की जय के उद्घोष कर रहे थे।

स्वागत एवं अभिनन्दन के इस अवसर पर आर्यसमाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चढ्डा के नेतृत्व में, जिला मंत्री कैलाश बाहेती, तलवण्डी के प्रधान आर.सी. आर्य, गायत्री विहार के प्रधान अरविन्द पाण्डेय, वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र शास्त्री, पण्डित शोभाराम आर्य, लालचंद आर्य, राधावल्लभ राठौर, वेदमित्र शान्तनु आर्य, विनोद कुशवाह एवं राजीव आर्य ने आर्यों के दल का स्वागत किया। कोटा के आर्यजनों के इस उत्साह को देखकर एवं स्वागत से अभिभूत दल के संयोजक व दयानन्द सेवा संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री, आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के मंत्री जोगिन्दर खट्टर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि कोटा की यह एकता एवं आर्यसमाज के प्रति समर्पण सराहनीय एवं अनुकरणीय है। इसी उत्साह एवं भावना के साथ महर्षि दयानन्द के कार्यों को करते रहे। इससे आर्यजनों का और उत्साह बढ़ेगा एवं अन्यों को प्रेरणा देगा।

इस अवसर पर आर्यसमाज जिलासभा के मंत्री कैलाश बाहेती एवं कार्यालय मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने दिल्ली के आर्य प्रतिनिधि मण्डल को कोटा में आर्यसमाज द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

- मासिक
# शहीद जगत
कोटा, 15 मार्च 2017

## सम्पादकीय

# जनादेश के संकेत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम का देश बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस बीच गुरुवार शाम कई टेलीविजन न्यूज चैनलों पर आए एग्जिट पोल्स के नतीजों से यह संकेत जरूर मिला कि पंजाब के अलावा बाकी चार राज्यों में मतदाताओं पर एक हद तक नरेंद्र मोदी का जादू जारी है। संकेत यह भी है कि प्रधानमंत्री के नोटबंदी के फैसले से भाजपा को क्षति नहीं हुई है, जिसकी उम्मीद विपक्षी दलों को थी। हालांकि अलग-अलग चुनाव उपरांत सर्वेक्षणों में सीटों के अनुमान को लेकर खासा अंतर है, मगर यह साफ है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा को पिछले चुनावों की तुलना बड़ा लाभ होने जा रहा है। इन राज्यों में वह सरकार बनाने की स्थिति में भी पहुंच सकती है। उल्टा रुझान केवल पंजाब में है, जहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में मुख्य टक्कर हुई लगती है। यानी अकाली दल-भाजपा गठबंधन मुकाबले में ही नहीं रहा। लेकिन वहां अकाली दल की अलोकप्रियता पहले से जाहिर थी। इसका खामियाजा संभवतः भाजपा को भी भुगतना पड़ा। वैसे हमेशा की तरह सबसे ज्यादा ध्यान लोकसभा में 80 सीटें भेजने वाले उत्तर प्रदेश के नतीजों पर केंद्रित है। उचित ही कहा जाता है कि दिल्ली के तख्त का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। बेशक शनिवार को उप्र के जो परिणाम आएंगे, उनका राष्ट्रीय राजनीतिक मूड पर असर पड़ेगा। इस राज्य में नरेंद्र मोदी ने अपनी पूरी ताकत झोंकी। उनकी छवि का भाजपा को फिर लाभ हुआ दिखता है। उधर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खुद को समाजवादी पार्टी की पुरानी मंडलवादी विरासत से अलग कर सबके विकास की आस बंधाने की कोशिश की। कांग्रेस को साथ जोड़कर मजबूत समीकरण बनाया। इससे शायद उनकी पार्टी को भी लाभ हुआ। इन दोनों ताकतों के बीच मायावती हैं, जिनकी बहुजन समाज पार्टी को एग्जिट पोल्स के नतीजों में पिछड़ते दिखाया गया है। लेकिन बसपा के बारे में धारणा है कि उसके समर्थक आम तौर पर खामोश रहते हुए अपना फैसला सुनाते हैं। इस कारण उन मतदाताओं का मन समझने में मीडिया और सर्वेक्षणकर्ता नाकाम रहते हैं। वैसे भी ओपिनियन और एग्जिट पोल्स की नमूना (सैंपल) तय करने की विधि, उनकी पहुंच, हासिल आंकड़ों और मत प्रतिशत के आंकड़ों को सीट संख्या में तब्दील करने के तरीके पर सवाल उठते रहे हैं। हाल में 'ब्रेग्जिट जनमत संग्रह और पिछले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जैसे नतीजे आए, उनसे भी ऐसे सर्वेक्षणों पर प्रश्न गहराए। उन देशों में शिक्षा एवं संचार के साधनों की व्यापक पहुंच है। जबकि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सही चुनावी भविष्यवाणी कर पाने की चुनौती खुद जाहिर है। इसलिए गुरुवार को आए संकेतों को महज हवा का रुख भांपने का प्रयास माना जाए, तो गलत नहीं होगा। इसीलिए पांच राज्यों के मतदाताओं ने अपना शासन चलाने के लिए किस दल को चुना है, इसको लेकर रहस्य कल दोपहर तक तो बना रहेगा।

# पंजाबी समाज ने गुजरात के राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**कोटा।** गुजरात के महामहिम राज्यपाल ओमप्रकाश कोहली के कोटा आगमन पर पंजाबी जनसेवा समिति कोटा ने अधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं ने राज्यपाल महोदय से शिष्टाचार भेंट की। पंजाबी जनसेवा समिति के अध्यक्ष अर्जुनदेव चढ्डा के नेतृत्व में महामंत्री दर्शन पिपलानी, उपाध्यक्ष महेन्द्र निझावन, सागर पिपलानी, संयुक्त सचिव हरमीत सिंह आनंद, शक्ति कुमार कोहली, महिला उपाध्यक्ष सुदेश आहुजा एवं दीपक अरोड़ा ने कोटा स्थित सर्किट हाउस में महामहिम से भेंट की।

इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने राज्यपाल महोदय का पेरीपोना कर आर्शीवाद लिया। तत्पश्चात उनका पंजाबी गुलाबी साफा, मोतियों की माला पहनाकर एवं शॉल औढ़ाकर



स्वागत किया एवं श्रीफल भेंट किया।

स्वागत के उपरान्त समिति के महामंत्री दर्शन पिपलानी ने पंजाबी समाज द्वारा कोटा में किये जा रहे समाजसेवा के कार्यों की जानकारी दी।।

इस अवसर पर समिति क आर्शीवाद देते हुए राज्यपाल महोद ने कहा कि आप लोगों द्वारा की जा रह समाजसेवा प्रशंसनीय है। इसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। निर्धनो असहायों तथा दुखियों की सेवा क अधिक से अधिक लोगों की सेवा करें

# पुरूषार्थ ही मनुष्य को महान बनाता है- डॉ. मोक्षराज

## मधुस्मृति संस्थान में महर्षि दयानन्द जयंती



**कोटा।** जन्म से कोई महान नहीं होता कर्म- पुरूषार्थ की मनुष्य को महान बनाता है। महाभारत में कर्ण के जीवन ने कर्म व जन्म की अवधारणा को हिला दिया। जिस व्यक्ति को निसर्ग से या अकारण ही दुख मिलता हुआ दिखाई दे, उसमें कर्मफल भी संभव है किन्तु ईश्वर की ओर से निरपराधियों को अतिरिक्त सामर्थ्य मिलता है। उक्त विचार राजस्थान संस्कृत अकादमी के पूर्व सदस्य वैदिक विद्वान आचार्य मोक्षराज ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर मधु स्मृति संस्थान में आयोजित समारोह में व्यक्त किये।

महर्षि की जयंती के अवसर पर आर्यसमाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चढ्डा द्वारा निराश्रित बालक-बालिकाओं को बूंदी के लड्डू वितरित किये तथा अतिथियों ने स्वंय बच्चों को लड्डू खिलाये। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डी.ए.वी स्कूल की प्राचार्या सरिता रंजन ने नारी [illegible] की उन्नति का आधार महर्षि दयानन्द की विचारधारा को माना।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, राजस्थान (पूर्व) के प्रांत प्रभारी अरविन्द पाण्डेय ने महर्षि दयानंद को महान सुधारक बताते हुए कहा कि विश्व में समग्र क्रांति के अग्रदूत थे।

6 वर्ष की बालिका रानी ने गायत्री मंत्र व प्रार्थना सुनाई। रामचरण आर्य ने "दूसरों के गुण व अपनी गलतियां देखा करों" गीत सुनाया। धर्मगुरू शोभाराम ने वैदिक यज्ञ कराकर बच्चों को सत्यमार्ग पर चलने का आह्वान किया। डॉ. अंजली निर्भीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में संस्थान संचालिका बृजबाला निर्भीक, जे.एस.दुबे पूर्व प्रधान आर्य समाज विज्ञाननगर, पतंजली समिति के जिला प्रभारी प्रदीप शर्मा, वेदमित्र वैदिक आदि उपस्थित थे।



"यह नववर्ष आपके जीवन मे खुशियाँ लायेअपार"

## शुभेच्छुक

| जे. एस. दुबे | हरिद[illegible] शर्मा | अरविन्द पाण्डेय | कैलाश बाहेती | अर्जुन देव चड्डा |
|---|---|---|---|---|
| कोषाध्यक्ष | वरिष्ठ [illegible]प्रधान | कार्यालय व प्रचार मंत्री | मंत्री | प्रधान |
| 94134-39813 | 90010-[illegible]460 | 97994-98477 | 98285-37921 | 94141-87428 |

**उपप्रधानः-** श्रीचन्द गुप्ता, बनवारीलाल सिंघल(एडवोकेट), राजदेव शर्मा, नरदेव आर्य (रावतभाटा)

**उपमंत्रीः-** ओमप्रकाश तापड़िया, रामकृष्ण बल्दुआ, अजय कुमार सूद

**सगठन मंत्रीः-** चन्द्रमोहन कुशवाह (एडवोकेट)।

**आर्य विद्वानः-** आचार्य अग्निमित्र शास्त्री, बिरधीचन्द शास्त्री, ओमप्रकाश आर्य, डॉ. के. एल. दिवाकर, शोभाराम आर्य, डॉ. सुदेश आहुजा, रामप्रसाद याज्ञिक, सूरजमल त्यागी।

**विशिष्टः-** श्रीमती सरिता रजन गौतम, डॉ. वेदप्रकाश गुप्ता।

**कार्यकारिणी एवं सहयोगी -** प्रेमनाथ कौशल-प्रधान, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता-मंत्री, अमरलाल गहलोत-प्रधान, प्रीतमलाल पचार-मंत्री (अर्जुनपुरा), आर. सी. आर्य-प्रधान, भैरोलाल शर्मा-मंत्री, सत्यनारायण शर्मा-प्रधान, लालचन्द नागर-मंत्री (बारां), रामनारायण-प्रधान, बन्सीलाल रेनवाल-मंत्री (खेड़ारसूलपुर), मार्तण्ड प्रकाश त्रिवेदी-प्रधान, श्रीराम जी आर्य-मंत्री(बून्दी), चन्दालाल नागर-प्रधान, लक्ष्मीनारायण-मंत्री (किशनगंज), ओमजी आर्य-प्रधान, जानकीलाल राठौर-मंत्री (केलवाड़ा), कर्णसिंह आर्य-मंत्री, रमेश गोस्वामी-मंत्री, नरेन्द्र विजयवर्गीय-मंत्री, उमेश कुर्मी-मंत्री, सुनील दुबे-मंत्री, सुरजमल जी गोयल -प्रधान, भरतलाल बाटला-मंत्री (छीपाबड़ौद), रमेशचन्द गुप्ता (छबड़ा)।

**सहयोगीः-** मोड़ूलाल सैनी, गजानन्द मेहता, हेमेन्द्र विजयवर्गीय, कंवर लाल सुमन, राधावल्लभ राठौर, महेन्द्र कुमार रस्तोगी, सुमेश कुमार गांधी, लालचन्द आर्य, योगराज कुमरा, क्षेत्रपाल आर्य, ओंकार सिंह आर्य, श्योराज वशिष्ठ, प्रेमचन्द परिहार, प्रभुसिंह कुशवाह, मूलचन्द आर्य, उदयप्रकाश अस्थाना, शिवदयाल गुप्ता, रामकल्याण राठौर, प्रदीप शर्मा, डॉ. सुभाष आर्य, रामनारायण (सांगरिया), द्वारकाप्रसाद तिवारी।

**महिला सहयोगीः-** श्रीमती मानकंवर बल्दुआ, प्रियम्वदा पूत, गायत्री दुबे, सुमनबाला सक्सेना, गायत्री नागर (बारां), इन्द्रा पाण्डेय, अनिता शर्मा, इन्दु आर्या, सीता बाहेती, कौशल्या तापड़िया, पूनम चड्ढा, उषा शर्मा, सुशीला कुर्मी, यज्ञकान्ता जोशी, नलिनी गुप्ता।

**युवा वर्ग :-** गुमान सिंह आर्य, मनीष गुप्ता, शान्तनु शर्मा, नगेन्द्र सिंह कर्णावत, किशनसिंह आर्य, कृष्णन राजगुरु, कुलदीप सुमन, विनोद सिंह आर्य, मनु आर्य, वेदमित्र वैदिक, राकेश चड्ढा, कौशल रस्तोगी, सतीश वशिष्ठ, आयुष शर्मा, मुकेश चड्ढा, राजुल रस्तोगी, रवि तापड़िया, निमिश पूत, अजय विजयवर्गीय, विजय तापड़िया, राकेश वासुदेव, हीरालाल गहलोत (खेड़ा), अमित कौशल

**एवं समस्त आर्यसमाजों के पदाधिकारी व सदस्यगण**

**जिला आर्य प्रतिनिधि सभा कोटा**

ओ३म्



सृष्टि संवत् १९६०८५३११८

## नव सम्वत्सर प्रतिपदा

विक्रमी संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, २०७४

## आर्य समाज स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

**यह नववर्ष आपके जीवन को खुशियों से भर दे**

**आर्य समाज-जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कोटा**

।।ओ३म्।।

### आज के दिन का महत्व

- सृष्टि सम्वत का शुभारम्भ
- मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक
- महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा आर्यसमाज की स्थापना
- शकारि विक्रमादित्य द्वारा अपनी मातृभूमि की शत्रुओं के चगुंल से मुक्ति का विजयोत्सव, विक्रमी संवत का शुभारम्भ
- चेती चांद/उगाडी/गुडी पड़वा

**सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।**

एक अरब छियानवें करोड़ आठ लाख तिरेपन हजार एक सौ अठारह वर्ष पूर्व परमात्मा ने पूर्व कल्प की भाँति सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी आदि लोक-लोकान्तरों का निर्माण, जीवों के कल्याण के लिए ही किया है जो प्रवाह से अनादि हैं।

इस शुद्ध ईश्वरीय नववर्ष पर हम आप व आपके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

प्रेषित करते हैं।

**आर्य समाज-जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कोटा**

।।ओ३म्।।

सबके लिए मंगल प्रदायक भारतीय नववर्ष हो।
प्रभु कृपा से सबका सदा, सम्यक् सुखद उत्कर्ष हो।।
ईश्वर ! हमारी बुद्धि को, सन्मार्ग में कर प्रेरणा।
दृढ़ धारणा हो कर्मफल में, तनिक भी अन्धेर ना।।
हृदय में सदभावना, मस्तिष्क को सुविचार दे।
सज्जन की सेवा में लगे तन, व्यवस्थित व्यवहार दे।।
विश्वास ना टूटे मनुज का, संकुचित संघर्ष में।
शुभकामनाएं ये सभी, प्रभु पूर्ण हों इस वर्ष में।।

**आर्य समाज-जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कोटा**

कार्यालय :- आर्य समाज, विज्ञान नगर, कोटा (राजस्थान)

# योग हमारी गौरवपूर्ण विरासत- अरविन्द पाण्डेय

## महर्षि दयानंद जन्मदिवस पर योग प्रतियोगिता सम्पन्न

















**कोटा।** ''योग हमारी सांस्कृतिक व गौरवपूर्ण विरासत है, योग के प्रचार प्रसार से पुनः अखिल विश्व के स्वास्थ्य का सुधार संभव है। हम योग को घर-घर पहुंचायेंगे।''

उक्त विचार भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, राजस्थान के प्रांत प्रभारी अरविन्द पाण्डेय ने पतंजलि योग समिति, कोटा द्वारा आयोजित महर्षि दयानन्द सरस्वती की 194वीं जयंती के अवसर पर योग प्रतियोगियों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किये। वे मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले आर्यसमाज के जिला प्रधान अर्जुनदेव चड्डा ने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में महर्षि की महत्वपूर्ण भूमिका व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि 19वीं सदी में महर्षि दयानन्द न आते तो आज भी भारत ढोंग-पाखण्ड व अंधविश्वास में फंसकर गुलाम बना रहता।

मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित युवा भारत राजस्थान (पूर्व) के सहराज्य प्रभारी आचार्य मोक्षराज ने कहा कि उनको योगाधारित वैदिक ज्ञान ने वेदों के सही स्वरूप व वैज्ञानिक स्वरूप को स्पष्टता दी। वे महान योगी व पुर्नजागरण के पुरोधा थे।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता रंजन गौतम प्राचार्या डी.ए.वी. स्कूल कोटा ने महर्षि के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि 56 विद्यालयों से 500 छात्र-छात्राओं ने योग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में 8-11 वर्ष, 11-14 वर्ष एवं 14-17 वर्ष की आयु के तीन वर्ग थे।

युवा प्रभारी नलिन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ देवयज्ञ से हुआ। श्योराज वशिष्ठ के पौरोहित्य में योग शिक्षकों व योग साधकों ने ''इदं राष्ट्राय इदन्न मम'' की भावना से यज्ञ में आहुती दी। सह राज्य प्रभारी सुशीला कुर्मी ने सभी बालक-बालिकाओं को योग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रभारी प्रहलाद सिंह ने किया। धन्यवाद महिला प्रभारी मिथलेश जी ने किया। छात्रों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

बेटी है कुदरत का उपहार जीने का उसको भी अधिकार

बेटी बचाओ अभियान

बेटी बचाओ
save the girl child

कन्या भ्रूण हत्या जघन्य अपराध है इसका कोई प्रायश्चित नहीं है

''लड़कियों का घटता अनुपात, सामाजिक सन्तुलन पर आघात''

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, कोटा

स्वामी, प्रकाशक एवं सम्पादक अर्जुन देव चड्ढा द्वारा मुद्रक मनोहर पारीक द्वारा जनधारणा प्रिंटर्स, 70 समाचार पत्र परिसर, महावीर नगर प्रथम, कोटा से मुद्रित एवं 'आर्यभवन' 4-प-28, विज्ञाननगर, कोटा-324005 से प्रकाशित। फोन: 0744-2422428। प्रबन्ध सम्पादक राकेश चड्ढा।